## फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने परियोजना का मास्टर प्लान सौंपा

# यमुना सिटी में फिल्म सिटी का शिलान्यास जनवरी में

**फिल्म सिटी**

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का जनवरी में शिलान्यास होगा। बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ने भूमि पर जुलाई में कब्जा ले लिया था। अब मंगलवार को बोनी कपूर ने यमुना प्राधिकरण पहुंचकर मास्टर प्लान भी सौंप दिया है।

फिल्म निर्माता बोनी कपूर मंगलवार की दोपहर यमुना प्राधिकरण पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी को प्रथम चरण में विकसित करने का मास्टर प्लान तैयार हो चुका है, जिसे यीडा को सौंप दिया गया है। सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है, जो पहले चरण में 230 और दूसरे में 670 एकड़ में विकसित की जाएगी। 230 एकड़ क्षेत्रफल में से 155 एकड़ में औद्योगिक और 75 एकड़ में व्यावसायिक गतिविधियां होंगी। उन्होंने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी विश्व में सबसे अलग होगी। इसको बनाने के लिए दुनियाभर की कई फिल्म सिटी का अध्ययन किया है। जनवरी में प्रथम चरण के तहत फिल्म सिटी का शिलान्यास कर दिया जाएगा। प्रथम चरण को तीन वर्ष में पूरा किया जाएगा।

**रामोजी से भी आधुनिक होगी :** हैदराबाद की रामोजी फिल्म सिटी के मुकाबले जेवर में बनने वाली फिल्म सिटी बिल्कुल अलग और आधुनिक होगी। सबसे खास बात है कि यह अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी बनेगी, जिसमें हर भाषा में फिल्म बनाई जा सकेंगी, इसमें हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, भोजपुरी समेत हॉलीवुड व बॉलीवुड की फिल्में शामिल हैं।



यीडा में विकसित होने वाली फिल्म सिटी कुछ इस तरह की बनेगी।

### अंडर वाटर शूटिंग हो सकेगी

बोनी कपूर ने बताया कि फिल्म सिटी को इस प्रकार से विकसित किया जाएगा कि किसी भी प्रकार की लोकेशन के लिए कलाकार को किसी देश में जाने की जरूरत न पड़े। फिल्म सिटी में पानी के जहाज या फिर अंडर वाटर फिल्मों की शूटिंग के लिए टैंक और बड़ा पूल बनाया जाएगा। टैंक के जरिए बारिश के विजुअल और पूल के जरिए समुद्र जैसी लोकेशन का लुत्फ उठाया जा सकेगा।

### संसद की तरह गैलरी बनेगी

अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी में संसद की झलक भी दिखेगी। यहां पर संसद की तरह गैलरी का निर्माण होगा, जहां खड़े होकर आम लोग फिल्म की शूटिंग का आनंद उठा सकेंगे। ऊंची इमारतें भी बनाई जाएंगी। बड़े ऑडिटोरियम, होटल, विला, वर्चुअल स्टूडियो, फूड कोर्ट समेत स्टूडियो को एलईडी आधारित डिजाइन किया जाएगा, ताकि कंप्यूटर के माध्यम से किसी भी प्रकार की लोकेशन को सेट किया जा सके।